हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद

Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप



दुर्गा प्रतिमा स्थापित

जेवरतला रोड। ग्राम मार्री बंगला में नव ज्योति दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से दुर्गा चौक में मां दुर्गा मूर्ति स्थापित किया गया है। स्थापना के दौरान समिति के समस्त सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

युवाओं और छात्रों को दी उपयोगी जानकारी



अंबागढ़ चौकी। युवाओं को आधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से आई सेक्ट इंडिया ने कौशल विकास यात्रा का आयोजन किया। लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, डिजिटल साक्षरता, कौशल विकास की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को एआई के बढ़ते प्रभाव, शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में इसकी उपयोगिता तथा भविष्य में आवश्यक कौशलों के बारे में बताया। इस मौके पर आईसेक्ट के जिला प्रबंधक रूपेश देवांगन, लेकेश्वर ठाकुर, जेआर परतेती, ओमप्रकाश राणा आदि मौजूद थे।

भूषण यादव का कार्यक्रम 16 को

पटेवा। इरईकला में 16 अक्टूबर को शीतला समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में शीतला मंदिर प्रांगण में भजन गायक भूषण यादव का कार्यक्रम रखा गया है। सरपंच ललित साहू ने आसपास के ग्रामीणों से शामिल होने की अपील की है।

56 ने किया स्वेच्छा से रक्तदान

घुमका। स्थानीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान, स्वास्थ्य परीक्षण एवं लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में कुल 56 छात्र-छात्राओं, महाविद्यालयीन स्टाफ एवं नागरिकों ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने भाजपा मंडल ने हेलमेट प्रदान किया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। पात्र आवेदकों के लिए लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की व्यवस्था की गई। इस दौरान भाजपा के प्रांतीय उपाध्यक्ष रामजी भारती, जिला पंचायत सदस्य किरण बारले, जनपद सदस्य जितेन्द्र गायकवाड़, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नोहेन्द्र सिन्हा, आयुष्मान सिंह, विनोद बारले, दिलीप पटेल, नागेश यदु, सुनील सेन, प्रमोद दुबे, रोशन, खिलेश, सूरज, प्राध्यापक प्रीति खुशैल, डॉ. दीपक वर्मा, भारतेंदु वर्मा, डॉ. घमेंद्र साहू, डॉ. सुबोध देवांगन, डॉ. सोमकुमारी, डॉ. ओमप्रकाश रत्नाकर, डॉ. मीरा देवांगन, योगिता, चंद्रहासिनी, देवानंद बँधे, जय वर्मा, विनोद वर्मा, कौशिकी, आशु, प्रतिमा, तोरण चतुर्वेदी, भरत वर्मा एवं ओमहरी सहित अन्य मौजूद थे।

निधन

जोगा भास्कर

डोंगरगढ़। पूर्व रेलवे कर्मचारी जोगा भास्कर राव का आकस्मिक निधन हो गया है। वह राकेश जोगा एवं राजेश जोगा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।



शिकायत की अनदेखी से भड़का लोगों में रोष

एक हफ्ते से पेयजल संकट, बाल्टी रखकर लोगों ने किया सड़क जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में सप्ताहभर से पानी की सप्लाई बाधित होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। पानी के संकट से जूझ रहे लोगों एवं पार्षद ने मंगलवार को सुबह ने मुख्य मार्ग पर खाली बाल्टियां रखकर आवागमन बाधित कर दिया। नगर पंचायत के गैर-जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सड़क जाम होते ही चिचोला-छुरिया मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस आशय की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत के सीएमओ मौके पर पहुंचे, जहां उन्हें पार्षद एवं वार्डवासियों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। काफी जद्दोजहद के बाद वार्ड में टैंकर से पानी की सप्लाई एवं बंद मोटर को तत्काल सुधारवाकर पानी की सप्लाई शुरू करने का आश्वासन मिलने के बाद वार्डवासियों ने बाधित मार्ग को खोला।



सीएमओ पर भड़के लोग

प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही सीएमओ अजय बहादुर, इंजीनियर अजय प्रधान एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे, जहां उन्हें पार्षद एवं वार्डवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा। सीएमओ ने मोटर को दुरुस्त कराने, वार्डों में पेयजल सप्लाई शुरू करने एवं पानी के टैंकर से जलापूर्ति करने का आश्वासन दिया।

अनदेखी से उपजा आक्रोश

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 1, 5 एवं 6 में सप्ताहभर से पेयजल समस्या बनी हुई थी। वार्ड 6 के पार्षद अनिल लारोकर एवं वार्डवासियों ने इसकी शिकायत नगर पंचायत के अधिकारियों से की थी किन्तु पानी की किल्लत दूर करने की ओर अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। अनदेखी के चलते मंगलवार की सुबह पार्षद एवं सैकड़ों की संख्या में वार्डवासियों ने चिचोला-छुरिया को जाम कर दिया।



डेढ़ लाख श्रद्धालु पहुंचे देवी दर्शन करने

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नवरात्र के पहले दो दिन में मां बम्लेवरी के दरबार मे लगभग डेढ़ लाख दर्शनार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराकर आशिर्वाद लिया। दर्शनार्थी सडक, रेल मार्ग सहित पैदल पहुंच रहे है। इस बार रायपुर, दुर्ग, खैरागढ़, चिचोला, बोरतलाव मार्ग से भी पदयात्री आ रहे है। कलेक्टर श्री यादव प्रातः उपस्थिति दर्ज कराकर व्यवस्था का जायजा ले रहे है।

सांसद पांडेय ने की पूजा अर्चना



डोंगरगढ़। सांसद संतोष पांडे ने मां बम्लेश्वरी के दरबार पहुंचकर दर्शन किया। उनके यहां पहुंचने पर शहर भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान हरविंदर सिंग मंगे, प्रकाश बिंदल, सौमित्र सोनी, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, विनय बंसल, विजेंद्र ठाकुर, कमलेश काले, प्रिंस कक्कड, गिरीश साहू, अकाश राजपुत सहित अन्य उपस्थित रहे।

तिमाही परीक्षा के परिणाम घोषित



जेवरतला रोड। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में त्रैमासिक परीक्षा के उपरांत परिणाम की घोषणा की गई। इस दौरान पालक- शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य टीएल देवांगन एवं परीक्षा प्रभारी चंद्रमणि वासनिक ने सभी कक्षाओं के परिणाम पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम की घोषणा की। इसके पश्चात कक्षा शिक्षकों ने पालकों को उनके बच्चों के प्रगति पत्रक सौंपे।

शिक्षकों ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर, उपस्थिति, अनुशासन आदि पर चर्चा की। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने पालकों को कुछ रचनात्मक सुझाव दिए। खेल प्रभारी रीना बोरकर ने विद्यार्थियों की उपलब्धि, अभ्यास एवं उपलब्ध खेल सामग्री की जानकारी दी। अंत में व्याख्याता अजय पाठक ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पुष्पा साहू, पेमीन साहू, नीलेश्वरी देवांगन, नंदिनी साहू, चंद्रा देबनाथ, रेशमी साहू, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, नीलिमा रजक आदि उपस्थित थे।

दिन दहाड़े सूने घर से चांदी के जेवरों की चोरी

- चोरों की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

साल्हेवारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मझगांव में दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जब मासिक मीटिंग में शामिल होने गई थीं, तब अज्ञात चोरों ने उनके सूने घर का ताला तोड़कर प्रवेश किया और अलमारी में रखे लगभग 39 तोला चांदी के जेवरात पार कर दिए।

चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 64 हजार आंकी गई है। मझगांव निवासी मथुरा धुर्वे जो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं, ने पुलिस को शिकायत में बताया कि वह 10 अक्टूबर को दोपहर लगभग 12 बजे अपने पति आत्माराम धुर्वे के साथ घर में ताला लगाकर मासिक मीटिंग में शामिल होने बकरकट्टा गई थी। उसके पति उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र में छोड़कर सरोधी चले गए थे। मथुरा जब मीटिंग के बाद शाम करीब 4:30 बजे घर पहुंचीं, तो देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखी अलमारी का दरवाजा और लॉकर खुला हुआ था। अज्ञात चोरों ने लॉकर से चांदी का डाफ, करवन एवं चाबी गुच्छा वजन लगभग 25 तोला, चांदी की पायल दो जोड़ी वजन लगभग 10 तोला, चांदी का चूड़ा दो नग वजन लगभग 1 तोला, बिछिया 6 नग वजन लगभग 3 तोला, ले गए। प्रार्थियां की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और मामले की विवेचना में जुट गई है।

शिक्षकों ने दिया अल्टीमेटम, ब्लाक मुख्यालय में देंगे सांकेतिक धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने गत दिनों ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को 10 बिंदुओं का ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के समाधान की मांग की थी। इससे पहले जिला शिक्षा अधिकारी के सामने पदाधिकारियों ने अपनी समस्याओं को रखा था। समस्याओं का समाधान नहीं होने पर संघ ने आगामी 28 अक्टूबर को डोंगरगढ़, 30 अक्टूबर को डोंगरगांव, 3 नवंबर को राजनांदगांव और 4 नवंबर छुरिया में सांकेतिक धरना देने का निर्णय लिया है। संघ ने सेवा पुस्तिका का सत्यापन कराने, जीपीएफ पासबुक कटौती तिथि से संधारित करने, स्कूकूलों में एनजीओ की दखल बंद करने, उच्च परीक्षा में बैठने की अनुमति,



सेवानिवृत्त व आकस्मिक निधन होने पर समस्त आर्थिक स्वयत्तो ग्रेजुऐटी, समूह बीमा का तत्काल भुगतान, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में पाक्षिक के स्थान पर मासिक परीक्षा आयोजित करने, अर्जित अवकाश स्वीकृत कर सेवा पुस्तिका में संधारण करने, परिवीक्षा अवधि समाप्त कर नियमितीकरण करने, एकीकृत जिला बोर्ड परीक्षा के पारिश्रमिक का भुगतान करने, अटैचमेंट समाप्त कर शिक्षकों को मूल शाला में भेजने की मांग की है। बैठक में जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, शैलेंद्र यदु, शरद शुक्ला, जीवन वर्मा, हंसकुमार मेश्राम, राजेश साहू, महेश ऊईके, दिनेश कुरैटी, सोहन वर्मा, योगेंद्र वर्मा, संतोष धुर्वे, राजू कौशिक, सुरेंद्र साण्डे, राहुल श्याम कुंवर उपस्थित थे।

मुरमुंदा में जस झांकी 19 को

मुरमुंदा। ग्राम में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से बाजार चौंक में जय माँ जीवरानी नंदगाइहा जस झांकी परिवार ग्राम भोथी का कार्यक्रम 19 अक्टूबर को रखा गया है। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक में नवरात्र के मौके पर 44 ज्योत प्रज्जवलित किए गए हैं।

पूर्व गृहमंत्री ने किया देवी दर्शन

डोंगरगढ़। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने परिजनों के साथ यहां पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर माता से आशिर्वाद लिया। यहां पहुंचे श्री साहू का स्थानीय कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर प्रदीप शर्मा, थानेश्वर पटिला, अशोक साहू, हरिश भंडारी, शिशुपाल भारती, केशव टांडी, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अनिल गटटानी, संजय श्रीवास्तव, संजू गुमास्ता सहित अन्य उपस्थित थे।



ब्लाक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी का गठन



डोंगरगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव के मार्गदर्शन में एलबी नगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेश उइके ने संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न लोगों को जिम्मेदारी सौंपी है। विधायक दलेश्वर साहू की भावना के अनुरुप कार्यकारिणी में कलाराम सोनवानी को कोषाध्यक्ष, पुष्पा दीपचंद वर्मा सहित अन्य 5 को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जीवन यादव सहित अन्य 9 को सचिव, मदन चंद्रवंशी सहित 4 को कार्यकारिणी सदस्य व ताराम देवांगन को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अवैध ईंट भट्ठों का विरोध, संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिले में कथित रूप से संचालित ईंट भट्ठों और हाथ भट्ठों के खिलाफ कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। जिला ईंट निर्माता संघ ने ईंट भट्ठों की जांच कर संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

संघ ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हाथ भट्ठों के माध्यम से लाल ईंटों का निर्माण एवं विक्रय किया जा रहा है। आरोप है कि इनमें से कुछ भट्ठों का संचालन अन्य प्रदेशों के व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है। संघ ने इन भट्ठों से पर्यावरण को होने वाले संभावित नुकसान पर चिंता जताते हुए इनके संचालन में निर्धारित नियमों और मानकों के पालन की जांच कराने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला फ्लाई ऐश ईंट निर्माता संघ के ध्रुव सिंह, शुभम ठाकुर, पंकज ठाकुर, कमलेश सिंह, प्रतीक चंदवानी, दीनदयाल सिन्हा, तारेश साहू, प्रदीप वर्मा, प्रभु साहू, सुदीप श्रीवास्तव, प्रकाश सिंह एवं राधेलाल जंघेल सहित अन्य उपस्थित थे।



ईंटों के उपयोग पर सवाल

ईंट निर्माता संघ ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हो रहे निर्माण में लाल ईंटों के उपयोग का मुद्दा भी उठाया है। संघ का कहना है कि योजना के दिशा-निर्देशों और निर्माण संबंधी निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्माण सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस संबंध में ईंटों की गुणवत्ता, उपयोग की अनुमति और संबंधित नियमों के पालन की जांच कराने की मांग की गई है। संघ ने कलेक्टर से ईंट भट्ठों की जांच कराने, अनुमतियों एवं पर्यावरणीय मानकों की पड़ताल करने तथा अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन

- कांग्रेस के खिलाफ व्यापक विरोध की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष संगीता मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व का पुतला दहन कर विरोध जताया।

जिलाध्यक्ष संगीता मिश्रा ने कहा कि जेएनयू की आंतरिक समिति की जांच के बाद कांग्रेस के सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम को यौन उत्पीड़न के आरोप में बर्खास्त किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसे सांसद पर कार्रवाई नहीं करती है, तो महिला मोर्चा हर चौक-



चौराहे पर पुतला दहन करेगी। महिला मोर्चा प्रभारी रेखा मेश्राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सहित महिलाओं के सम्मान और उत्थान की योजनाओं को धरातल पर लागू कर रहे है तो कांग्रेस ऐसी घटना पर चुप है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रेणु टांडिया ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में गुलाब गोस्वामी, क्रांति गुप्ता, सुरेखा मंडावी, ईश्वरी ध्रुव, किरण मंडावी, लीना रावटे, ममता अमिला, कुंजलता हरमुख, लक्ष्मी ढोक, पायल, कुसुम निषाद, खोमिन, सतरूपा रजक, रामकी टांडिया, शांति तीरपुणे सहित अन्य महिलाएं शामिल हुई।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रारंभ हुई स्मार्ट क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान ने छत्तीसगढ़ के 150 सरस्वती शिशु मंदिरो में स्मार्ट क्लासेस का शुभारंभ किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ पूर्णेन्दु सक्सेना थे। उन्होंने बताया वर्तमान डिजिटल युग में सरस्वती शिशु मंदिरों के छात्रों के लिए स्मार्ट क्लासेस वरदान साबित होगी। स्मार्ट क्लास के उपयोग से छात्र किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगे। अध्यक्षता कर रहे डॉ देवनारायण साहू ने कहा कि अडानी ग्रुप द्वारा छत्तीसगढ़ में 150 विद्यालयों को स्मार्ट क्लासेस एवं फर्नीचर उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम में सरस्वती शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष रामभरोसा सोनी, टोपलाल वर्मा, नारायणलाल अग्रवाल, राजेंद्र जैन, नीलम चोपड़ा, अविनाश ब्राह्मणकर, प्रकाश गिरधर, प्रभाकर राव गिरधर, सुनील जैन, सुरेश सोनी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, केशव लाल अग्रवाल, गोपाल खेमुका एवं प्राचार्य प्रकाश यादव, जागेश्वरलाल निषाद, अमित शुक्ला, हिमांशु इंदुलकर, प्रदीप सिन्हा, एस राव सहित अन्य उपस्थित थे।



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

[राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव]

ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क करें: मो. 7697212782
Advt.

नवरात्रि विशेष



चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती है। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था, तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती है। इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं। इनकी आठ भुजाएं हैं। अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात है। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है। इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है। संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं। बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है। इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती है। सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें। इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं। अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें। दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें।

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम।।

प्रदेशभर में नई प्रणाली से होगा वितरण, डिजिटल की तरफ विभाग

मोबाइल एप से किसान करेंगे खरीदी टोकन-क्यूआर कोड से मिलेगा खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रबी सीजन 2026-27 से किसानों को खाद खरीदने के लिए नई डिजिटल व्यवस्था से गुजरना होगा। छत्तीसगढ़ में अब मोबाइल एप के माध्यम से उर्वरक खरीदी की व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके तहत किसान एफएफएस (फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल) एप पर आवश्यक जानकारी दर्ज कर टोकन या क्यूआर कोड के जरिए निर्धारित केंद्र से खाद प्राप्त कर सकेंगे। नई व्यवस्था का उद्देश्य उर्वरकों की कालाबाजारी रोकना, वितरण में पारदर्शिता लाना और किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराना है।

मोबाइल एप का यह मॉडल अब पूरे जिले में होगा लागू

कृषि विभाग के अनुसार, मोबाइल एप आधारित उर्वरक वितरण प्रणाली को पहले गरियाबंद और बीजापुर जिलों में मॉडल के रूप में लागू किया गया था। इसके बाद अब रबी सीजन से इसे पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी है। इस व्यवस्था में किसानों का पंजीयन और आधार लिंकिंग सुनिश्चित करने के साथ पीओएस मशीन के माध्यम से खाद की बिक्री अनिवार्य होगी। इससे खाद के उपलब्ध स्टॉक और बिक्री सकेगा। साथ ही उर्वरकों की मांग का पूर्वानुमान लगाने और भंडारण एवं वितरण की का वास्तविक समय में मिलान किया जा बेहतर योजना बनाने में मदद मिलेगी।

खास बातें
- पीओएस मशीन के माध्यम से होगी खाद की बिक्री
- खाद के भंडारण व वितरण के मिलान में मिलेगी सुविधा
- सीएससी से भी करा सकेंगे प्रक्रिया



प्रबंधकों को प्रशिक्षण

जिले के 117 समिति प्रबंधको और कम्प्यूटर आपरेटरों को एफएफएस के परिसंचालन के संबध में प्रशिक्षण दे दिया गया है। नई प्रक्रिया के तहत वितरण किया जाएगा।
- टीकम ठाकुर, डीडीए

मोबाइल एप से करना होगा पंजीयन

नई व्यवस्था के तहत किसान अपने मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से एफएफएस फर्टिलाइजर एप डाउनलोड कर आवश्यक जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद टोकन अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से नजदीकी निर्धारित केंद्र से फसल के लिए अनुशंसित मात्रा में खाद प्राप्त की जा सकेगी। जिन किसानों के पास मोबाइल फोन नहीं है, वे परिवार के किसी अन्य सदस्य के मोबाइल का उपयोग कर सकते हैं।। कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से भी प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा मिलेगी। इससे डिजिटल साधनों से वंचित किसानों को भी इस व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा।

समिति प्रबंधकों और विक्रेताओं को दिया प्रशिक्षण

नई प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए चिप्स द्वारा फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल विषय पर एक दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तर से आयोजित प्रशिक्षण में मोबाइल एप के जरिए उर्वरक बिक्री और वितरण की प्रक्रिया समझाई गई। इसके बाद मास्टर ट्रेनरों ने सहकारी समितियों के प्रबंधकों और उर्वरक विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया। वहीं, मैदानी अमले के माध्यम से किसानों को भी नई व्यवस्था के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

हड़ताल पर गए पटवारी
राजस्व का कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



फसल गिरदावरी सत्यापन के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे पीवी एप से भौतिक सत्यापन का आदेश वापस लेने, पदोन्नति, वेतन विसंगति सहित अन्य मुद्दों को लेकर राजस्व पटवारी संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया गया है। कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरने पर बैठे पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

पीवी एप के माध्यम से कराए जा रहे फसल के भौतिक सत्यापन करने में आ रही व्यवहारिक और तकनीकी समस्याओं, पीवी एप्लिकेशन पूर्णतः बंद करने, फसल प्रविष्टि हेतु भुइयां में फसल प्रविष्टि का विकल्प प्रदान किए जाने, संघ के पदाधिकारियों का स्थानांतरण और पटवारियों के निलंबन को निरस्त करने, वेतन विसंगति और पदोन्नति सहित अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्व पटवारी संघ द्वारा प्रान्तीय आह्वान पर आज से अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत की है। कलेक्ट कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे अपनी इन मांगों को लेकर पटवारी संघ द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया।

पटवारी संघ के जिला सचिव नंदकुमार वर्मा ने बताया कि पीवी एप के जरिये कई दिक्कतें हो रही है। खसरा में कई डोलिया रहती है। सभी डोलियों के चारों कोनों से नक्शा बनाना वर्तमान समय में जब खेतों में पानी और धान की फसल है, तब संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति डिजिटल क्रॉप सर्वे से इसे करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में ही ज्ञापन के माध्यम से शासन एवं प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है। इसके बाद भी आज तक शासन-प्रशासन द्वारा पटवारियों की समस्या का समाधान नहीं किया गया है। वहीं शासन-प्रशासन द्वारा प्रतिकूल परिस्थितियों में पटवारियों पर पीवी एप्लिकेशन के माध्यम से फसलों का भौतिक सत्यापन किए जाने का अनुचित दबाव बनाया जा रहा है।

हड़ताल से कार्य हो रहे प्रभावित : पटवारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल से डिजीटल क्रॉप सर्वेक्षण, एग्रीस्टैक पंजीयन, किसान पंजीयन, एग्रीस्टैक बकेट, अनक्लेम पंजीयन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, स्वामित्व योजना, सेवा संकल्प शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण सहित राजस्व संबंधित अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। हड़ताल के दौरान बड़ी संख्या में धरना स्थल पर पटवारी उपस्थित रहे।

पटवारियों पर कार्रवाई अनुचित

प्रदर्शन को लेकर राजस्व पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष भीष्म ठाकुर ने बताया कि राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ द्वारा शासन एवं प्रशासन को पूर्व में लिखे पत्रों से पीवी एप्लिकेशन की अव्यवहारिकता के संबंध में अवगत कराते पीवी एप्लिकेशन में कार्य का बहिष्कार किया जा चुका है, इसके बावजूद पटवारियों पर दबाव बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में संघ के पदाधिकारियों का द्वेषपूर्ण स्थानांतरण किया गया। राज्य में संघ के प्रान्ताध्यक्ष सहित अन्य पटवारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया। वहीं महासमुंद जिले में पटवारी को पीवी एप्लिकेशन में कार्य नहीं करने के कारण निलंबित किया गया है। उन्होंने सभी पटवारी पर किए गए कार्रवाई वापस लेने की मांग की है।

मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने डोंगरगढ़ आए युवक की तालाब में डूबने से मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र से दोस्तों के साथ मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने के लिए आए एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना गत दिवस की बताई गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार नवरात्र पर्व के प्रथम दिन नागपुर महाराष्ट्र निवासी शशांक उम्र लगभग 18 वर्ष अपने दोस्तों के साथ मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन करने के लिए डोंगरगढ़ आया हुआ था। बताया गया कि वह दोपहर लगभग दो-ढाई बजे करीब क्षीरपानी तालाब में नहाने के लिए गया हुआ था। नहाने के दौरान उक्त युवक का संभवतः पैर फिसल गया और वह तालाब के पानी के गहराई में डूबने लगा, जिसे देखने वालों में हडकम्प की स्थिति निर्मित हो गई थी।

शोक की लहर व्याप्त

पुलिस के अनुसार घटनाक्रम की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ के जवान व गोताखोर ने तालाब से उक्त युवक को बाहर निकाला, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गत दिवस हुए इस घटना की खबर से मृतक के परिजन एवं दोस्तों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। इधर घटना के वक्त घटनास्थल के आसपास सनसनी फैल गई थी।

अशांति फैलाया, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



वाद-विवाद कर अशांति फैलाने के मामले की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र में नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अभियान कार्रवाई चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 13 अक्टूबर को प्रदीप कोर्राम 38 साल कोलियारी द्वारा छुरिया पुराना थाना के पीछे तालाब किनारे शिव मंदिर के पीतल कलश को निकालने का प्रयास करने पर महिलाओं द्वारा विरोध करने पर वाद-विवाद कर अशांति फैलाने पर अप्रिय घटना घटित होने की संभावना पर आरोपी के विरूद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय तहसीलदार छुरिया में पेश किया गया।







खबर संक्षेप

छात्रों को किया गया जागरूक



जालबांधा। स्थानीय नवीन महाविद्यालय में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम अंतर्गत सहायक प्रबंधक वाणिज्य एवं उद्योग विभाग अर्जुन साहू ने पीपीटी के माध्यम से सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के संबंध में जानकारी दी। प्रस्तुति के दौरान उन्होंने बताया कि यह चैलेंज समाज की विभिन्न समस्याओं के नवाचारी एवं व्यावहारिक समाधान विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है। इस दौरान कृषि, कानून एवं व्यवस्था, महिला एवं बाल विकास, नगरीय विकास, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, रक्षा, सतत विकास, अधोसंरचना एवं परिवहन, उभरती तकनीक तथा शिक्षा आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष जयप्रकाश साहू, सरपंच राजेन्द्र वर्मा आदि शामिल हुए।

उपेन्द्र को मिली पीएचडी



खैरागढ़। हेमचंद्र यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत शोध केंद्र शासकीय कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग से उपेन्द्र कुमार वर्मा को पीएचडी(डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी)की उपाधि प्रदान किया गया है। उपेन्द्र कुमार वर्मा वर्तमान में खैरागढ़ विकास खण्ड के मिडिल स्कूल रेंगाकठेरा में शिक्षक पद पर कार्यरत हैं। उन्हें जंतु विज्ञान के जीवन विज्ञान संकाय में यह उपाधि हनुमान लंगूरों के (काले बंदरों) पारिस्थितिक विज्ञान (पर्यावरणीय परिस्थितियों के बीच जीवनचर्या) और सामाजिक व्यवहार पर गहन शोध के लिए प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त विषय पर पूरे छत्तीसगढ़ में पहली बार एक मात्र शोधार्थी ने शोध किया है विषय काफी रोचक चुनौतीपूर्ण, समाजोपयोगी और वन्यजीव संरक्षण के साथ ही शाकाहारी वन्यजीव संरक्षण और मानवद्वंद्व रोकने में उपयोगी साबित होगा। शोध कार्य शोध केंद्र के प्राध्यापक डॉ संजू सिन्हा के निर्देशन में लगभग पांच साल में पूरा किया गया है। मानव आबादी और आसपास सरहदी क्षेत्रों के जंगलों में काले बन्दरों की सभी गतिविधियों के गहन अध्ययन उपरांत शोध पत्रों के मूल्यांकन और समस्त आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद उपेन्द्र वर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।

अमृत मिशन की उच्च स्तरीय जांच कराएं : संतोष पिल्ले

210 करोड़ खर्च पर जलापूर्ति नहीं जांच के लिए कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

करोड़ों खर्च के बावजूद कई वार्डों में नियमित जलापूर्ति नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में लगभग 210 करोड़ रुपए की लागत से अमृत मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति योजना पूरी होने के बावजूद अनेक वार्डों में नियमित जलापूर्ति नहीं होने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। इस मुद्दे को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से योजना की स्वीकृत राशि, वास्तविक व्यय, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी निरीक्षण और जल वितरण व्यवस्था की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की गई। कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी नागरिकों को पर्याप्त पानी नहीं मिलना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों और संबंधित ठेकेदारों की भूमिका की जांच कर अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।



वार्डों में जल संकट

कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि पेयजल नागरिकों की मूलभूत आवश्यकता है। ऐसे में योजना पूरी होने के बावजूद यदि अनेक वार्डों में पानी की समस्या बनी हुई है तो इसके वास्तविक कारणों का पता लगाकर स्थायी समाधान किया जाना चाहिए। ज्ञापन में अमृत मिशन के अंतर्गत स्वीकृत राशि और वास्तविक व्यय का विस्तृत परीक्षण कराने की मांग की गई है। इसके साथ ही योजना के पूर्णता प्रमाण-पत्र, माप पुस्तिका, भुगतान विवरण और तकनीकी निरीक्षण रिपोर्ट की जांच कराने पर जोर दिया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि जिन वार्डों में पानी की समस्या है, वहां तत्काल सुधारात्मक कदम उठाया जाए।

आधा अधूरा काम

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि लगभग छह करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित यह कार्य अब तक अधूरा है। पार्षदों ने इस कार्य की भी जांच कराने तथा इसकी वर्तमान स्थिति, कार्य में देरी के कारणों और संबंधित जिम्मेदारों की भूमिका स्पष्ट करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पार्षद सतीश मसीह, मुकेश साहू, राजा तिवारी, छोटेलाल रामटेके, नियामत हुड्डा, मोहनी युवराज, भारती, संगीता देवांगन सहित कांग्रेस नेता आसिफ अली, राहुल गजभिये, जितेंद्र कुमार साहू और ऋषि रजक सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

लोग हो रहे परेशान

श्री पिल्ले ने कहा कि अमृत मिशन का मुख्य उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड और प्रत्येक घर तक नियमित एवं पर्याप्त पेयजल पहुंचाना था। इसके लिए केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत लगभग 210 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई और कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी गई। इसके बावजूद शहर के कई वार्डों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। इससे आम नागरिकों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है और लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब योजना पर इतनी बड़ी राशि खर्च की जा चुकी है तो यह स्पष्ट होना चाहिए कि आखिर किन कारणों से नागरिकों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। योजना के क्रियान्वयन, निर्माण की गुणवत्ता, पाइप लाइन बिछाने, पंपिंग स्टेशन, पानी की टंकियों और वितरण प्रणाली की कार्यप्रणाली की जांच जरूरी है। कांग्रेस ने इस मामले में प्रशासन से जवाबदेही तय करने की मांग की है।

इंदिरा आवास के 80 से 100 परिवार परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 20 स्थित इंदिरा आवास में रहने वाले लगभग 80 से 100 गरीब परिवारों की समस्याओं को लेकर वार्डवासियों ने पूर्व पार्षद प्रीति यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से इंदिरा आवास तक पहुंचने के लिए स्थायी आवागमन मार्ग और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था जल्द कराने की मांग की गई है।

वार्डवासियों का कहना है कि शासन की आवास योजना के तहत इंदिरा आवास में अनेक गरीब परिवार निवास कर रहे हैं। इनमें छोटे बच्चे, बुजुर्ग, बीमार और दिव्यांगजन के साथ स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भी शामिल हैं। इसके बावजूद आवास तक पहुंचने के लिए आज तक समुचित सड़क की व्यवस्था नहीं हो पाई है।

लोगों को अस्थायी और पथरीले रास्ते से आवागमन करना पड़ता है, जिससे उन्हें रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में बताया गया है कि इंदिरा आवास तक पहुंचने के लिए वर्तमान में जिस अस्थायी रास्ते का उपयोग किया जा रहा है, उसके आसपास कन्या महाविद्यालय का निर्माण कार्य हो रहा है। ऐसे में मौजूदा रास्ता बंद होने की आशंका है। यदि वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था नहीं की गई, तो यहां रहने वाले परिवारों के सामने आवागमन का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।

मुख्यमंत्री से शीघ्र कार्रवाई की मांग

13 अक्टूबर को दिए गए ज्ञापन में मुख्यमंत्री से वार्ड क्रमांक 20 स्थित इंदिरा आवास के परिवारों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द सड़क और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था कराने की मांग की गई है। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर, संबंधित निर्माण विभाग के कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी भेजी गई है।

अंधेरे और गड्ढों के कारण दुर्घटना का खतरा

वार्डवासियों के अनुसार, सड़क और स्ट्रीट लाइट के अभाव में रात के समय आवागमन करना बेहद मुश्किल हो जाता है। रास्ते में गड्ढे और अंधेरा होने के कारण बच्चों, बुजुर्गों तथा अन्य लोगों को गिरकर चोटिल होने का खतरा बना रहता है। वहीं आपात स्थिति में बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले जाने और रोजी-मजदूरी के लिए शहर आने-जाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि शासन की आवास योजना का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब आवास के साथ बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। सुरक्षित सड़क, रोशनी और सुगम आवागमन हर परिवार की बुनियादी जरूरत है।

50 स्काउट-गाइड राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

व्यक्तित्व विकास और आपदा प्रबंधन का लेंगे प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले का 50 सदस्यीय स्काउट-गाइड दल बुधवार को रवाना हुआ। 14 से 18 अक्टूबर तक मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम स्थित राज्य प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित शिविर में जिले के स्काउट-गाइड विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

रवाना होने से पहले राज्य मुख्यालय द्वारा भेजी गई किट जिला मुख्य आयुक्त भागवत शरण सिंह और जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी उपेंद्र कुमार देवांगन ने प्रतिभागियों को प्रदान की। शिविर में जिले से 24 स्काउट, 22 गाइड, 2 स्काउटर और 2 गाइडर सहित कुल 50 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। शिविर में प्रतिभागियों को पर्वतारोहण एवं साहसिक गतिविधियों, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और आपदा प्रबंधन से जुड़ा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता, टीम भावना और सेवा के संस्कार विकसित करना है।



विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास जरूरी

जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी उपेंद्र कुमार देवांगन ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी आवश्यक है। पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास और आपदा प्रबंधन जैसे प्रशिक्षण विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान देते हैं और विषम परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से अनुशासन का पालन करते हुए शिविर का अधिकतम लाभ लेने और प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को समाजहित में उपयोग करने की अपील की।

अनुशासन विकसित करने का माध्यम

जिला मुख्य आयुक्त भागवत शरण सिंह ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सेवाभाव विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे प्रशिक्षण शिविर बच्चों को नई चुनौतियों का सामना करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से पूरे उत्साह और समर्पण के साथ प्रशिक्षण में शामिल होने तथा अर्जित अनुभवों का उपयोग समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण में करने का आह्वान किया।

पटेवा में शारदीय नवरात्र पर्व की धूम

पटेवा। ग्राम में इन दिनों शारदीय नवरात्रि की धूम मची है। ग्राम के अनेक स्थानों पर माता जी की मूर्ति स्थापित किया गया है। देवालयों एवं दुर्गा पंडालों को आकर्षक विद्युत लाईटों से सजाया गया है। ग्राम के शीतला मंदिर में 119, दुर्गा मंदिर बाजार चौक में 19 ज्योति कलश की स्थापना किया गया है। मां अम्बे मंदिर, बाजार चौक, अमलीपारा चौक, मासूल रोड भाठा पारा में मां दुर्गा, धनकर चौक एवं कर्मा मंदिर के पास मां सरस्वती, न्यू दशहरा मैदान में मां काली की स्थापना किया गया है। शाम ढलते ही दर्शानार्थियों की भीड़ माता रानी की दर्शन हेतु उमड़ रही है। सबसे ज्यादा भीड़ शीतला चौक में भुतिया कुटिया देखने उमड़ रही है। समीपस्थ ग्राम ईरईखुर्द, ईरईकला, दर्रा, खजरी, मासूल, मुडभादुर, अवेली, सोनभटठा, खपरी, रेगाकठेरा में दुर्गा, सरस्वती की मूर्ति स्थापित किया गया है।



भरदाकला में पांच दिवसीय छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत

प्रशिक्षणार्थियों ने सीखी लोकनाट्य की बारीकियां, कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के ग्राम भरदा कला में आयोजित पांच दिवसीय छत्तीसगढ़ी नाचा-गम्मत कार्यशाला का 9 अक्टूबर को समापन हुआ। संस्कृति विभाग के सहयोग से गंवईहा लोकनाट्य संस्था मोहंदी, जिला राजनांदगांव द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोकनाट्य विधा नाचा-गम्मत की बारीकियों से अवगत कराया गया।

प्रख्यात नाचा-गम्मत कलाकार अजय उमरे के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणार्थियों ने लोकनाट्य की कथावस्तु, वेशभूषा, रूप-सज्जा, भाषा-शैली, अंग संचालन और गीत-संगीत के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान उन्हें नाचा-गम्मत के इतिहास, वरिष्ठ कलाकारों के योगदान और उनकी कला यात्रा के बारे में भी जानकारी दी गई।



प्रस्तुतियों से दिखाई सीखी हुई कला

कार्यशाला के दौरान तैयार की गई नाचा-गम्मत की प्रस्तुतियां समापन अवसर पर ग्राम भरदा कला में प्रदर्शित की गईं। प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए कला-कौशल का प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों के जरिए छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकनाट्य परंपरा और उसकी विशिष्टताओं को सामने लाने का प्रयास किया गया।

लोककला को नई पीढ़ी तक पहुंचाने पर जोर

समापन समारोह में वरिष्ठ रंगगुरु एवं निर्देशक डॉ. योगेंद्र चौबे, आनंद कुमार पांडे, प्रख्यात नाचा-गम्मत कलाकार अजय उमरे और कामता साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि नाचा-गम्मत जैसी पारंपरिक लोककलाएं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन के साथ ही नई पीढ़ी को इन कलाओं से जोड़ना भी जरूरी है। पांच दिवसीय इस कार्यशाला ने प्रशिक्षणार्थियों को छत्तीसगढ़ी लोकनाट्य की परंपरा, उसकी मौलिकता और प्रस्तुति की बारीकियों को समझने का अवसर प्रदान किया। ऐसे आयोजन प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और लोककलाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सार समाचार

पेंडरी आश्रम में 18 को चातुर्मास सत्संग

राजनांदगांव। सुकुलदैहान समीपस्थ सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में इस वर्ष भी जिला चातुर्मास आयोजन समिति एवं सदगुरु कबीर सत्संग



सेवायोग आश्रम समिति पेंडरी के संयुक्त तत्वावधान में चातुर्मास पर्व पर अध्यात्मिक दिव्य सत्संग भजन प्रवचन का कार्यक्रम आगामी 18 अक्टूबर को समय सुबह 10 बजे प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर परम पूज्य बौद्ध धम्मगुरू पूज्य भन्ते बुद्धपाल जिला सिवनी मध्यप्रदेश से अपने श्रामनेर संघ के साथ पधारेंगे। आगामी 18 अक्टूबर को सुबह 10 बजे बौद्ध धम्म गुरूजनों का स्वागत सम्मान पूजन होगा। तत्पश्चात सदगुरु कबीर साहब के जीवन दर्शन पर अध्यात्मिक दिव्य सत्संग भजन प्रवचन किया जाएगा। दोपहर 01 से 3.30 बजे तक परम पूज्य महात्मा लेखचंद साहेब ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी दुर्ग द्वारा सारगर्भित दिव्य सत्संग प्रवचन किया जाएगा। उक्त जानकारी सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के उपाध्यक्ष गोरख दास साहू ने दी है।

गरबा के आयोजन में जुट रहे श्रद्धालु

राजनांदगांव। नवरात्रि पर्व के दौरान शहर में नवरंग गरबा नाइट ग्रुप द्वारा नंदई-मोहारा रोड स्थित मैदान में नौ दिवसीय गरबा महोत्सव का शुभारंभ



मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। आयोजन समिति ने गरबा के लिए प्रवेश निःशुल्क रखा है। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे युवक युवतियां माता की भक्ति में जमकर गरबा कर रहे हैं। आयोजन में हर दिन नई थीम, आकर्षक ड्रेस और पुरस्कार भी दिये जा रहे है। कार्यक्रम में कपल डांस, एकल बालिका एवं बालक नृत्य, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट डांसर और आकर्षक वेशभूषा जैसी श्रेणियों में प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखा रहे है। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों एवं समूहों को पुरस्कार, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य पार्थ गेंडरे, शशिकांत देवांगन, धनंजय गेंडरे, चिंटू सोनी, वत्सल गेंड्रे, मयंक सोनी, हरीश सोनवानी, सत्या लाहरे, दीपक भारती, यश चोपड़ा, प्रियांशु यादव और पप्पू यादव ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य नवरात्रि में मां दुर्गा की आराधना के साथ शहरवासियों को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां लोग परिवार और मित्रों के साथ मिलकर गरबा का आनंद ले सकें।

छोटी-छोटी घटनाएं हमें सिखाती है : श्रेयांशप्रभ

राजनांदगांव। छोटी-छोटी घटनाएं हमें बहुत कुछ सिखाती हैं। भले ही खुद को बहुत कुछ आता हो, किंतु अनुभवी कुछ कहते हैं तो उनकी भी बात को



मानना चाहिए। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमारे भीतर ग्रहण करने का उत्साह होना चाहिए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में मुनिश्री श्रेयांशप्रभ सागर ने कहा कि जो सीखने को तैयार होता है, वह काफी विनम्र होता है। आप कितने भी बड़े हो जाएं, किंतु हमेशा सीखने के लिए तैयार रहें, तभी आप जीवन में सफलता को प्राप्त कर सकेंगे। आप दूसरे की कभी अवमानना ना करें, सबका सम्मान करें और उनसे कुछ सीखने की कोशिश करें। मुनिश्री श्रेयांशप्रभ ने कहा कि माता-पिता को प्रणाम करना अच्छी बात है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप किसी अन्य की अवमानना करें। आप सबका बहुमान करें और उनसे कुछ सीखने का प्रयास करें। हमारे भीतर सभी गुण भरे पड़े हैं, प्रयास करें कि इन गुणों में निखार आए। इसके लिए हमारे भीतर उत्साह होना चाहिए और हर घटना से सीख लेने की ललक होनी चाहिए, तभी हम जीवन में सफल हो पाएंगे।

एनबीआईएस बोरी में गरबा उत्सव का उत्साह

राजनांदगांव। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में नवरात्र पर्व के द्वितीय दिवस गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। यह गरबा उत्सव कक्षा



नर्सरी से बारहवीं तक के सभी बच्चों एवं अभिभावकों के लिए रखा गया था। नवरात्र पर्व पर शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना सभी वर्ग के लोगों द्वारा धूमधाम से किया जाता है। इसी कड़ी में एनबीआईएस शाला परिवार अपने संस्था के छात्र एवं अभिभावकों के लिए एक सुरक्षित, धार्मिक और पारिवारिक वातावरण में गरबा उत्सव का आयोजन करता है। गरबा उत्सव के आयोजन में छात्रों एवं अभिभावकों के लिए विशेष पुरस्कारों को भी सम्मिलित किया गया था। जिसमें बेस्ट वेशभूषा, बेस्ट गरबा नृत्य, बेस्ट जोड़ी के साथ ही गरबा किंग एवं गरबा क्वीन के आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन में सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिससे गरबा उत्सव की रंगत और भी अधिक रंगमय हो गई। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी एवं सोनल बाजपेयी स्वयं सपरिवार इस गरबा उत्सव में अंत तक शामिल रहे। श्री बाजपेयी का कहना है कि इस तरह के आयोजन से संस्था एवं अभिभावकों के बीच एक सौहार्दपूर्ण माहौल बनता है, जो छात्रों के लिए अति आवश्यक है। संस्था द्वारा समय-समय पर सामाजिकता से जुड़े सभी कार्यक्रमों के आयोजन किए जाते हैं, ताकि छात्र अपने नैतिक जिम्मेदारी को समझ सके।

टीएल की बैठक में योजनाओं और विकास कामों की समीक्षा

पीएम सूर्यघर के लंबित आवेदनों में धीमी कार्रवाई पर भड़के कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, विभागीय कार्यों एवं जिले में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना चाहिए। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति की समीक्षा करते सर्वे कार्य में तेजी लाने और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता, सावधानी एवं त्रुटिरहित तरीके से किया जाए, ताकि किसानों की फसल संबंधी जानकारी का सही एवं प्रामाणिक डिजिटल अभिलेख तैयार हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सर्वे कार्य की नियमित निगरानी करने तथा कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।



लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करें

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा के दौरान बैंकों द्वारा योजना से संबंधित आवेदनों के निराकरण में अनावश्यक विलंब एवं धीमी कार्रवाई पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने तथा पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में बैंक स्तर पर होने वाली देरी से हितग्राहियों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैंक एवं संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर आवेदनों के निराकरण में तेजी लाएं, ताकि अधिक से अधिक नागरिक अपने घरों में सोलर पैनल स्थापित कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

अमृत मिशन में लाएं तेजी

कलेक्टर ने नगरीय निकायों में अमृत मिशन के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण एवं अन्य लंबित कार्यों में तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं बुनियादी अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाए।

भूमि चिन्हांकन के दिए निर्देश

कलेक्टर ने जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजनांदगांव शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने प्रस्तावित 132/33 केवी और 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना हेतु उपयुक्त स्थान का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए।

आवेदनों की समीक्षा

सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने सीएम जनदर्शन, सीएम हेल्पलाइन, एवं कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने विभाग प्रमुखों को प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नशामुक्ति के लिए दिलाई गई शपथ

राजनांदगांव। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा सेतु शिविर कार्यक्रम सरकार आपके द्वार के तहत वार्डों में मेगा कैम्प लगाए जाने की कड़ी में वार्ड नं. 37 से 46 व 48 के लिए बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल में नागरिकों की समस्या से संबंधी आवेदन प्राप्त कर शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

शिविर में श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं निकाय संबंधी प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, योजना जैसी शासन की लाभकारी योजना का लाभ लेने जानकारी दी गई। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार तथा विद्युत विभाग द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ बताकर समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई। इसी प्रकार अन्य विभाग के स्टॉल भी लगाकर विभागीय जानकारी दी गई तथा वार्डवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरण किया गया।

शिविर की अंतिम कड़ी में कल 14 अक्टूबर को हाईस्कूल लखोली में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक वार्ड नं. 29 से 36 तक एवं वार्ड नं. 47, 49, 50 व 51 के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे।

समय बदलने से समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुकुलदैहान के आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का समय परिवर्तन किए जाने से हो रही समस्याओं को लेकर स्कूली विद्यार्थियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर आवेदन के माध्यम से परिवर्तन नहीं करने की गुहार लगाई है। यहां पहुंचे विद्यार्थियों ने कलेक्टर के नाम आवेदन देकर स्कूल का समय यथावत रखने मांग की। स्कूल का समय नहीं बदलने की मांग को लेकर पहुंचे शासकीय आत्मानंद विद्यालय सुकुलदैहान के विद्यार्थियों ने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराते कहा कि हाल ही में विद्यालय का समय अचानक परिवर्तित कर दिया गया है। जिससे सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को कठिनाइयां हो रही है।

दूरस्थ अंचल के बच्चों को परेशानी

सुकुलदैहान आत्मानंद सेजेस स्कूल में आसपास के विद्यार्थियों सहित राजनांदगांव से भी विद्यार्थी जाते हैं। ऐसे में शाम के वक्त छुट्टी होने से उन्हें दिक्कतें हो रही है। विद्यार्थियों के साथ पहुंचे अभिभावकों ने बताया कि स्कूल में गाइडेंस क्लास लेने समय परिवर्तन किया गया है। जिसके चलते दूर रहने वाले बच्चों को आने-जाने में समस्या उत्पन्न हो गई है।

समय बदलने से दिक्कत

स्कूल से छुट्टी लेकर ज्ञापन देने पहुंची कक्षा 12वीं की महिमा साहू, मेघा सिन्हा और अन्य विद्यार्थियों ने कहा कि उनका स्कूल सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक लगाया जाता था। यह समय काफी उपयुक्त था। स्कूल से छुट्टी होने के बाद ट्यूशन के लिए भी समय मिल जाता था, लेकिन एक सप्ताह से स्कूल का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक हो गया है। जिसके चलते उन्हें काफी दिक्कतें हो रही है। उन्होंने कहा कि दिनभर स्कूल में रहने के बाद अन्य कार्यों के लिए समय नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने मांग की है कि स्कूल का समय पूर्व की भांति ही रखा जाए। विद्यार्थियों के साथ पहुंचे उनके अभिभावकों ने कहा कि बच्चों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते स्कूल का समय पुनः पूर्ववत किया जाए।

एक दिवसीय व्याख्यान

राजनांदगांव। दिग्विजय कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं इन्क्यूबेशन सेल के समन्वयक डॉ. संजय ठिसके के निर्देशन में इन्क्यूबेशन सेल एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत "सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज" की भावना के अनुरूप स्टार्टअप एवं इन्क्यूबेशन इकोसिस्टम विषय पर एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के मुक्तिबोध सभागार में 13 अक्टूबर को किया।

कार्यक्रम को विकसित भारत अभियान से जोड़ते युवाओं में नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया गया।

स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पार्रीकला स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा इस वर्ष विश्व डाक दिवस पर एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल की गई। शाला के बच्चों ने पारंपरिक पत्र लेखन की संस्कृति को अपनाते अपने



मित्रों, रिश्तेदारों और परिचितों के साथ - साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को अपनी भावनाओं और स्थानीय समस्याओं से अवगत कराने संदेश पत्र लिखे।

पोस्ट कार्ड के माध्यम से पहुंचाई अपनी आवाज

बच्चों ने बेहद उत्साह के साथ अपने हाथ से लिखे इन पोस्टकार्ड्स को ग्राम पार्रीकला की पोस्टमैन भूमि मैडम को सौंपा। बच्चों ने भूमि मैडम से अपील की कि वे उनके इन संदेशों और भावनाओं को शासन के उच्च स्तर तक जरूर पहुंचाएं। इस दौरान बच्चों ने डाक विभाग के प्रति सम्मान व्यक्त करते विश्व डाक दिवस की बधाई भी दी।

शिक्षकों ने बढ़ाया हौसला, लिखे पत्र

बच्चों के इस प्रयास में शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक विष्णु शर्मा, स्वाति जैन, दीना दास साहू, चांदनी कंवर, सुशीला हेडाऊ, श्रीमती जेम्स एवं श्रीमती गणवीर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिक्षकों ने न केवल बच्चों का मार्गदर्शन किया, बल्कि स्वयं भी पत्र लिखकर इस अभियान में भागीदारी निभाई। अंत में शिक्षकों, बच्चों और उपस्थितजनों ने एक-दूसरे को विश्व डाक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। डिजिटल युग में बच्चों की यह पहल पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

भजन सत्संग का आयोजन

राजनांदगांव। क्वांर नवरात्रि पर्व के अवसर पर स्थानीय न्यू खंडेलवाल कॉलोनी स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर में महिलाओं ने मां के भजनों की प्रस्तुति दी। उक्त भजनों के साथ ही ढोलक और झांझ की मधुर ध्वनि भी मां की भक्त श्रद्धालु महिलाओं द्वारा ही प्रस्तुति दी गई। लगभग डेढ़ घंटे के भजन-सत्संग उपरांत मां की आरती के साथ समापन किया गया।



तीन दिनों की हड़ताल पर गए वीबी जी-राम-जी योजना के तकनीकी सहायक, कार्य प्रभावित

- कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन के तकनीकी सहायकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार से अपनी तीन दिवसीय हड़ताल की शुरूआत कर दी है। इस दौरान उन्होंने अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे धरना प्रदर्शन किया।



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत विकसित भारत जी-राम-जी योजना में कार्यरत समस्त तकनीकी सहायकों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से कार्यरत समस्त तकनीकी सहायकों का नियमित पद सृजित करते समायोजन करने, विभाग में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिवों की भांति स्थायी करण नियमावली तत्काल लागू करने और विकसित भारत जी-राम-जी में कार्यरत तकनीकी सहायकों का पदनाम परिवर्तन कर तकनीकी सहायक के स्थान पर कनिष्ठ अभियंता करने मांग की है।

नहीं हो रही मांगे पूरी

आंदोलन को लेकर तकनीकी सहायक नितेश कुमार और खिलेश्वरी निर्मल में बताया कि हम संविदा कर्मी के रूप में काम कर रहे हैं। वर्षों से नियमितीकरण की मांग की जा रही है, लेकिन शासन द्वारा नियमितीकरण नहीं किया जा रहा है। प्रतिवर्ष वेतन वृद्धि भी नहीं हो रही है। जिससे आर्थिक संकट है और कर्ज लेकर जीवनयापन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हमारी मांगे पूरी करने कमेटी बनाई थी, लेकिन अब तक मांगे पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अगर मांगों पर विचार नहीं किया जाता है तो आंदोलन और तेज होगा।

15 अक्टूबर को राज्य स्तर पर धरना

तकनीकी सहायक कर्मचारी संघ द्वारा जिला स्तर पर 13 से 14 अक्टूबर तक तीन दिवसीय संकेती हड़ताल के पश्चात 15 अक्टूबर को राज्य स्तर पर ध्यान आकर्षण प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन किए जाने को लेकर प्रदर्शन के माध्यम से चेतावनी भी दी गई है।

संवैधानिक आरक्षण बचाओ रैली का आयोजन 25 को



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय संविधान में प्रदत्त सामाजिक न्याय, समान अवसर, प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण व्यवस्था की रक्षा तथा संवैधानिक प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग को लेकर आगामी 25 अक्टूबर को राजनांदगांव में संवैधानिक आरक्षण बचाओ रैली 2.0 का आयोजन किया जाएगा।

जेन-जी युवा वर्ग छत्तीसगढ़ की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकार चर्चा, महारैली एवं रोजगार मार्गदर्शन के माध्यम से विभिन्न सामाजिक और संवैधानिक मुद्दों को उठाया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार रैली रविवार सुबह 11 बजे ईमाम चौक ओवरब्रिज के नीचे से शुरू होगी। इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग सहित विभिन्न वर्गों के संवैधानिक अधिकारों, शिक्षा, रोजगार, प्रतिनिधित्व और आजीविका से जुड़े विषयों पर जनजागरूकता बढ़ाना है।

आयोजन से जुड़े मांग पत्र में पदोन्नति में आरक्षण, विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती, बैकलॉग पदों को भरने, आरक्षण रोस्टर के पालन तथा सरकारी सेवाओं में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए छात्रवृत्ति और छात्रावास की राशि समय पर उपलब्ध कराने तथा शिक्षा एवं कौशल विकास के अवसर बढ़ाने की मांग भी रखी गई है।

पंचमी श्रृंगार 15 को, महाअष्टमी पर 18 को होगा हवन

मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में 2395 ज्योतिकलश प्रज्जवलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ बर्फानी आश्रम में शारदीय क्वांर नवरात्र 11 अक्टूबर से प्रारंभ हुए। क्वांर नवरात्र पर्व पर माता की ज्योति सहित 2395 श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश प्रज्वलित की गई। क्वांर शुक्ल पक्ष पंचमी 15 अक्टूबर को मां पाताल भैरवी सहित समस्त देवी-देवताओं का विशेष श्रृंगार एवं पूजन किया जाएगा।

संस्था सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में भी 11 से 19 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है।

अविभाज्य मुहूर्त पर हुई पूजा-अर्चना

11 अक्टूबर को अविभाज्य मुहूर्त दोपहर 11.50 से 12.36 के मध्य विद्वान आचार्य कृष्णकांत त्रिपाठी व पंडितों द्वारा विधि-विधान के मध्य मुख्य जजमान गणेश प्रसाद शर्मा, आरती शर्मा व अन्य सदस्यों द्वारा गौरी गणेश नवग्रह स्थापना, गुरु पूजन के पश्चात मां पाताल भैरवी, भोलेनाथ, स्फटिक शिवलिंग, हनुमान जी महाराज, भैरव बाबा एवं अन्य देवी देवताओं का दूध, दही, गंगाजल, शुद्ध जल, शक्कर, शहद, घी, अष्टगंध, सुगंधित द्रव्य से अभिषेक पूजन पश्चात भगवान भोलेनाथ, मां पाताल भैरवी, मां काली व दस महाविद्या की आरती संस्था के अध्यक्ष व लोकगीत गायक राजेश मारु व अन्य श्रद्धालुओं द्वारा उतारी गई।



संध्या आरती रात्रि 8 बजे से

नवरात्र अवसर पर प्रतिदिन माता की संध्या में रात्रि 8 से 9.30 बजे तक विशेष आरती व पूजन किया जा रहा है। जिसमें संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, आलोक जोशी, सूरज जोशी, कुलबीर छाबड़ा, लीलाधर सिंह, बलविंदर सिंह भाटिया, संतोष खंडेलवाल, संजय खंडेलवाल, कमलेश सिमनकर, हर्ष कुमार बिंदु, सत्यम शर्मा, योगेन्द्र पांडे, मनीष परमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु रोज आरती पूजन में शामिल हो रहे हैं।

देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने किए ज्योति कलश प्रज्जवलित

मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में गौरी गणेश स्थापना पश्चात मंत्रोच्चार के मध्य माई ज्योत व गुरु ज्योत प्रज्जवलन की गई। इस सिद्धपीठ परिसर में 2395 ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। जिसमें अंचल के साथ ही देश के अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं व देश की सीमा पार विदेशों में रहने वाले आस्ट्रेलिया, बुस्टन शहर यूएसए, जर्मनी, कनाड़ा, दुबई, थानेवड बैंकाक के श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति प्रज्जवलित किए गए हैं।

19 को कुंवारी कन्या भोज व दुर्गा नवमी उत्सव

मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में 15 अक्टूबर को शारदीय क्वांर शुक्ल पक्ष पंचमी के अवसर पर गणेश जी, हनुमान जी, मां पाताल भैरवी, मां राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या, भगवान भोलेनाथ, भैरव बाबा सहित समस्त देवी-देवताओं का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। महाअष्टमी हवन 18 अक्टूबर को संध्या 6 बजे से श्रीयंत्र पर आधारित यज्ञशाला में एवं दुर्गानवमी उत्सव व ज्योति कलश विसर्जन, 19 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कुंवारी कन्या भोजन, 11 बजे माता की महाआरती, 12 बजे दुर्गानवमी उत्सव, 12.15 बजे माई ज्योत विसर्जन तत्पश्चात दोपहर 1 बजे से श्रद्धालुओं की ज्योति कलशों का विसर्जन किया जाएगा।



खेल: मेहनत, लगन और समर्पण से मिलती है सफलता: उप मुख्यमंत्री

विजय शर्मा ने 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का किया शुभारंभ

- 13 से 16 अक्टूबर तक चलेगी चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

खेल भावना, अनुशासन और उत्साह के बीच कबीरधाम जिले में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। स्वामी करपात्री जी स्टेडियम, कवर्धा में आयोजित समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान ध्वज फहराया गया और विभिन्न जोनों से आए खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर खेल भावना, एकता और अनुशासन का परिचय दिया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

उप मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल खेलिए और पूरे उत्साह के साथ खेलिए, हार और जीत हमेशा हमारे हाथ में नहीं होती, इसलिए परिणाम की चिंता करने के बजाय अपने खेल पर ध्यान देना चाहिए। खिलाड़ियों का प्रदर्शन ऐसा होना चाहिए कि दर्शक खेल देखकर तालियां बजाने लगें और कहें कि क्या शानदार खेल दिखाया है। यही खेल का असली आनंद और सच्ची खेल भावना है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मेहनत सफलता दिलाती है और सफलता से सम्मान मिलता है। जब आप सफल होते हैं, तो दुनिया आपकी प्रतिभा को पहचानती है। सफलता का कोई अलग मंत्र नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि खिलाड़ी अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए पूरी लगन, मेहनत और समर्पण के साथ जुटे रहें।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जीत-हार के पीछे परेशान होने के बजाय अच्छे खेल के लिए मेहनत करनी चाहिए और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पांचों जोन से आए सभी युवा खिलाड़ियों का वे हृदय से स्वागत करते हैं। बस्तर के दूरस्थ अंचलों, अबूझमाड़, सुकमा और बीजापुर से आए खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें विशेष खुशी हुई। उन्होंने कहा कि बस्तर के युवा अब नक्सलवाद के दंश को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने और पूरे देश में अपनी प्रतिभा से पहचान बनाने के लिए तैयार हैं।



प्रदेश के पांचों जोन के 440 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग, जिला कबीरधाम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह चार दिवसीय प्रतियोगिता 13 से 16 अक्टूबर तक चलेगी। इसमें प्रदेश के बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर, रायपुर और दुर्ग जोन के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में बालक वर्ग से 220 और बालिका वर्ग से 220 खिलाड़ी शामिल हैं। इस प्रकार कुल 440 प्रतिभागी एवं अधिकारी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

व्हॉलीबाल, सॉफ्टबाल और हैंडबाल में दिखाएंगे प्रतिभा

प्रतियोगिता में 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की व्हॉलीबाल तथा 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की सॉफ्टबाल और हैंडबाल स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। चार दिनों तक चलने वाली इन स्पर्धाओं में खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा, कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन करेंगे।

कुण्डा में आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर क्विज स्पर्धा का आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर 13 अक्टूबर को मेरा युवा भारत कवर्धा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी राज पटेल के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ब्लॉक पंडरिया रोहित रजक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आपदा मित्र प्रकाश साहू ने विद्यार्थियों एवं युवाओं को आपदा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने आपदा के दौरान बचाव के उपायों, सुरक्षा सावधानियों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्कता बरतने के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के गुरदीप सिंह मक्कड़, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी रामचन्द्र साहू, हिंदी व्याख्याता श्रीमती ललिता साहू एवं पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पुरुषोत्तम निर्मलकर उपस्थित थें। क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन, जोखिम न्यूनीकरण तथा आपदा के समय सुरक्षित रहने के उपायों के प्रति जन-जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में आपदा से निपटने की समझ विकसित करना तथा समाज में जागरूकता बढ़ाना था।



शारदीय नवरात्रि की धूम, भक्तों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में शारदीय नवरात्रि पर्व धूमधाम और भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है। प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी गांव के पांच अलग-अलग मोहल्लों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सभी पूजा पंडालों में विधि-विधान के साथ सुबह-शाम माता रानी की पूजा-अर्चना की जा रही है। पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर है।

शाम के समय आरती के दौरान माता रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है, भक्त अपने घरों से पूजा की थाली सजाकर पंडालों में पहुंच रहे हैं और मां दुर्गा की आरती कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। वहीं रात्रिकालीन जसगीत और महाभारत कार्यक्रम की धूम नवरात्रि के अवसर पर रात्रि में गांव की महिला एवं पुरुष मंडलियों द्वारा शानदार जसगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है। माता के भजनों और जसगीतों से पूरा गांव भक्तिमय हो रहा है। वहीं बूढ़ा महादेव समिति द्वारा देर रात तक महाभारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

साथ ही साथ बच्चों की रंगोली कला में शानदार मनमोहक प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

बच्चों द्वारा रंग-बिरंगे रंगों से आकर्षक रंगोलियां बनाकर माता रानी के द्वार को सजाया जा रहा है। मां महामाया समिति, बूढ़ा महादेव समिति, बजरंग दल समिति एवं शारदा समिति सहित विभिन्न समितियों द्वारा आकर्षक पूजा पंडाल सजाए गए हैं। पंडालों में रंग-बिरंगी झालरों, विद्युत सजावट और आकर्षक रोशनी की व्यवस्था की गई है, जिससे रात के समय पूरा परिसर जगमगा उठा है।



स्व. गुलबीराम भास्कर के स्मृति में स्कूलों में कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम रापा निवासी स्व. गुलबी राम भास्कर का निधन विगत दिनों 2 अक्टूबर को हो गया। उनके दशगात्र कार्यक्रम के अवसर पर उनके पुत्र एवं ग्राम पंचायत रापा-पीपरमाटी के सरपंच संतोष भास्कर द्वारा अपने पिता की स्मृति में प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला पिपरमाटी के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को खीर-पूरी, सब्जी और चांवल परोसा गया। न्योता भोज के दौरान स्व.गुलबी राम भास्कर की आत्मा की शांति के लिए पांच मिनट का मौन धारण किया गया। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से उन्हें शांति प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच संतोष भास्कर, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

खबर संक्षेप



करगा की छटाई के कार्य में जुटे किसान

बरबसपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ग्रामीण किसान धान के खेतों में किसान करगा की निंदाई-छटाई का काम अंतिम चरण पर है। मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में बारिश होने से खेतों में जलभराव होने के कारण धान के खेत हरे-भरे दिखाई देने लगे हैं, जिसमें धान के खेतों में अन्य प्रजाति के धान उग आए हैं, जिसकी निंदाई-छटाई के काम में किसान जुटे हुए हैं। क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर, डबराभाट, सिंघनपुरी, जेवड़न खुर्द, सारंगपुर खुर्द, हरिनछपरा, राम्हेपुर, चंदनपुर में देखा जा सकता है।

शिक्षक पर छात्रा का यौन शोषण करने का आरोप



- परिजनों ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकासखंड पंडरिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोलमी में पदस्थ एक शिक्षक पर स्कूल की पूर्व छात्रा के परिजनों ने दैहिक शोषण कर उसे गर्भवती करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने इसकी शिकायत कुकदूर थाने में दर्ज कराई है। वहीं, मंगलवार को आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पंडरिया-बजाग मार्ग पर ग्रामीणों के साथ चक्काजाम कर दिया।

इस दौरान छात्रा के भाई थाना कुकदूर, तहसील कुकदूर जिला कबीरधाम ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरी बहन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोलमी में 2015 से 2019 तक अध्ययनरत थी। उसी विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता शिक्षक ने उक्त अवधि में छात्रा को आगे की पढ़ाई अच्छे से कराने का झांसा देकर कवर्धा स्थित शिक्षक कॉलोनी में अपने घर ले गया। 12वीं पास होने के बाद भी शिक्षक छात्रा को पढ़ाता रहा।

उन्होने बताया कि इस बीच वे अपने परिजनों के साथ बहन से मिलने जाते थे। करीब सात माह पूर्व छात्रा घर आई थी। उसके बाद उसने घर आना बंद कर दिया और घर बुलाने पर टालमटोल करने लगी। शंका के आधार पर जब शिक्षक के घर कवर्धा जाकर देखा गया, तो पता चला कि छात्रा सात माह की गर्भवती है। छात्रा के परिजनों और ग्रामीणों ने शंका जाहिर करते हुए आरोप लगाया है कि आरोपी शिक्षक इसी प्रकार स्कूल में अध्ययनरत कई बालिकाओं के साथ ऐसा कृत्य कर चुका है, लेकिन आदिवासी वनांचल में कम पढ़े-लिखे होने के कारण लोक-लाज के भय से लोग थाने तक नहीं पहुंच रहे हैं।

अब ग्रामीणों ने शिक्षक के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, इस मामले में आरोपी शिक्षक की पत्नी द्वारा भी छात्रा के परिजनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराए जाने की जानकारी मिली है।

परिजनों का धरना-प्रदर्शन जारी

बताया जा रहा है कि छात्रा के परिजन आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी और बर्खास्तगी की मांग को लेकर मंगलवार सुबह से ही पंडरिया-बजाग मार्ग पर चक्काजाम कर ग्राम पोलमी में धरने पर बैठे हैं। परिजनों और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक कार्रवाई नहीं की जाती, उनका चक्काजाम और धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

डिप्टी सीएम ने 60 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन, सुविधाओं व शिक्षा के विस्तार को मिलेगी मजबूती



हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला में प्रशासनिक सुविधाओं के विस्तार और उच्च शिक्षा के लिए अधोसंरचना विकास को गति देते हुए उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने 60 लाख रुपए के दो विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके तहत एसडीएम कार्यालय बोड़ला में 30 लाख रुपए की लागत से सभा कक्ष सह सामुदायिक शौचालय तथा शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में 30 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने 40 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की। इसमें कॉलेज में बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 15 लाख रुपए, बालिका शौचालय निर्माण के लिए 4.60 लाख रुपए, ग्राम भीरा में मंगल भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए तथा सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख 40 हजार रुपए शामिल हैं।

साथ ही साथ कॉलेज में स्मार्ट बोर्ड, इंटरनेट सुविधा और एआई आधारित तकनीक उपलब्ध कराने की पहल की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई, डिजिटल तकनीक और नवाचार के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि तकनीक का उपयोग ज्ञान बढ़ाने, क्षमताओं के विकास और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होने में करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी तकनीक के स्वामी बनें, तकनीक उनकी स्वामी न बने। चौटजीपीटी, जेमिनाई, ग्रोक और परप्लेक्सिटी जैसे एआई टूल्स का उपयोग पढ़ाई और रचनात्मक कार्यों को बेहतर बनाने में किया जा सकता है। साथ ही विद्यार्थियों को अपने संस्कारों और मूल्यों को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विधानसभा क्षेत्र के 85 स्कूलों में स्मार्ट बोर्ड लगाने की योजना पर काम किया जा रहा है। इनमें 50 स्थानों पर स्मार्ट बोर्ड लगाए जा चुके हैं तथा शेष 35 स्थानों पर भी लगाए जाएंगे। छात्रावासों और महाविद्यालयों में भी डिजिटल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दिशा में विकसित प्रयास

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि विद्यार्थियों की काउंसलिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाइन कोचिंग की सुविधा विकसित करने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत एनडीए, सीजीपीएससी, यूपीएससी व कर्मचारी चयन आयोग और नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य के अनुरूप मार्गदर्शन मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों से नई तकनीक सीखने और उसका विवेकपूर्ण उपयोग करने का आह्वान किया। साथ ही शिक्षा, नवाचार व सकारात्मक सोच के साथ निरंतर प्रयास एवं अभ्यास से सफलता प्राप्त की जा सकती है।

चंडी माई धाम ग्राम गौरमाटी में 222 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रणवीरपुर

जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम गौरमाटी में तीन तालाबों के मध्य प्राचीनकाल से अद्वितीय प्राकृतिक स्थल पर विराजमान मां चंडी देवी के मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व में 222 मनोकामना ज्योति कलश श्रद्धालुओं के द्वारा प्रज्जवलित कराए गए हैं।

मंदिर समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिल्हाटी-थान खम्हरिया मुख्य मार्ग पर दक्षिण दिशा में ग्राम के बाहर अंतिम छोर में तीन जलमग्न तालाबों के बीच स्थित स्वयं उद्भुत मां चंडी देवी मंदिर परिसर का शान्त और शीतल वातावरण दर्शनार्थियों का मन मोह लेता है। माता के मंदिर और तालाब के किनारों की आकर्षक विद्युत सजावट की गई है, मां चंडी देवी मंदिर में शारदीय और बासंतीय नवरात्रि का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। साक्षात सिद्धिदात्री और मनोकामना पूर्ण करने वाली माता के रूप में विख्यात मां चंडी देवी के मंदिर में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रांत के श्रद्धालु मनोकामना पूरी होने की इच्छा के साथ तथा मनोकामना पूर्ण होने के पश्चात ज्योति कलश की स्थापना कराते हैं। शारदीय नवरात्रि पर्व के प्रथम दिवस से ही माता के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया है, जिसकी सुविधा और व्यवस्था के लिए मंदिर समिति के सेवक और ग्रामवासी लगे हुए हैं।



संस्कृति महिला ग्रुप का आस्था, संस्कृति और उमंग का अद्भुत संगम

तीन दिवसीय भव्य गरबा उत्सव 15 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

नगर का सबसे बड़ा और भव्य गरबा उत्सव इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला है। संस्कृति महिला ग्रुप के द्वारा आयोजित इस गरबा महोत्सव का यह छठवां वर्ष है। तीन दिवसीय यह आयोजन 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक पीएम श्री आत्मानंद स्कूल परिसर में होगा।

इस वर्ष के आयोजन की मुख्य थीम आस्था का रंग, संस्कृति के संग रखी गई है, जिसमें रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों से सुसज्जित महिलाओं एवं बालिकाओं की मनमोहक और शानदार प्रस्तुति देखने को मिलेगी। गरबा महोत्सव का भव्य शुभारंभ 15 अक्टूबर होगा। इस दिन की विशेष थीम महाकाल का दरबार रहेगी, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा होंगी। वहीं 16 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ की संस्कृति की झलक दूसरे दिन छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और परंपरा पर आधारित विशेष प्रस्तुतियां होंगी। इस दिन नगर के गणमान्य नागरिक एवं व्यापारी गण कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाने अतिथि स्वरूप शामिल रहेंगे।

साथ ही 17 अक्टूबर समापन समारोह में आदिशक्ति की आराधना थीम पर समापन होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह रहेंगे। इस महोत्सव के लिए बच्चों की गरबा प्रैक्टिस का विशेष प्रशिक्षण कबीरधाम के प्रसिद्ध प्रोफेशनल कोरियोग्राफर मुकेश के द्वारा दिया गया और सभी प्रतिभागियों की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। यह गरबा महोत्सव सिर्फ नृत्य नहीं, बल्कि उत्साह, उमंग और संस्कृति का अद्भुत संगम होगा, जहां समस्त मातृशक्तियां एक साथ गरबे की ताल और संगीत पर अपनी संस्कृति की झलक प्रस्तुत करेंगी। आयोजन को लेकर पूरे नगर में उत्साह का माहौल है। गौरतलब है कि संस्कृति महिला ग्रुप द्वारा पूरे वर्ष भर अनेक सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक कार्य किए जाते हैं, और यह गरबा महोत्सव उसी सेवा भावना और संस्कृति संरक्षण का एक प्रमुख उदाहरण है।



HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ-
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार
TPA की सुविधा
संपर्क करें- 9009553889, 9090204620
पता - एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
मां और शिशु का विश्वास

स्पाइन
रीड की हड्डी एवं नसों का इलाज, न्यूरो-पंचकर्म विधि द्वारा किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 9.30 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हड़ताल : पीवी ऐप, पोर्टल की समस्याओं सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन शुरू

मांगों को लेकर जिले के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

हाल ही में भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों के आंदोलन और चक्काजाम के बाद अब जिलेभर के पटवारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

प्रांतीय आह्वान पर 13 अक्टूबर से शुरू हुई इस हड़ताल का असर सरकारी कामकाज पर पड़ने लगा है। पटवारी संघ ने स्पष्ट किया है कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। पटवारियों की हड़ताल से राजस्व विभाग से जुड़े कामकाज प्रभावित होने की आशंका है। इसका सीधा असर उन किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों पर पड़ सकता है, जिन्हें जमीन संबंधी कार्यों और विभिन्न सरकारी प्रमाणपत्रों के लिए पटवारियों की जरूरत पड़ती है। पटवारी संघ की प्रमुख मांगों में पीवी ऐप और भुइयां पोर्टल में आ रही तकनीकी दिक्कतों का समाधान शामिल है।

संघ का कहना है कि इन डिजिटल माध्यमों से काम करने में कई तरह की समस्याएं और अव्यवस्थाएं सामने आ रही हैं। इसके बावजूद पटवारियों पर नए डिजिटल फसल सर्वे सहित विभिन्न कार्यों को समय पर पूरा करने का दबाव बना हुआ है। पटवारी इन समस्याओं का स्थायी समाधान चाहते हैं, ताकि मैदानी स्तर पर कामकाज सुचारु रूप से हो सके। पटवारियों की अन्य मांगों में बलौदाबाजार, महासमुंद सहित विभिन्न जिलों में किए जा रहे तबादलों, निलंबन और कारण बताओ नोटिस की कार्रवाई का विरोध शामिल है। इसके अलावा वेतन विसंगतियों को दूर करने, पदोन्नति का लाभ देने और अतिरिक्त कार्यभार के दबाव को कम करने की मांग भी उठाई गई है। संघ का कहना है कि इन समस्याओं का निराकरण किए बिना कामकाज को लेकर अपेक्षाएं बढ़ाना उचित नहीं है।।



आय, जाति, निवास प्रमाणपत्रों बनावाने में दिक्कत

पटवारियों की हड़ताल का असर विद्यार्थियों और आम नागरिकों पर भी पड़ सकता है। आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र बनवाने के लिए कई मामलों में राजस्व अमले की रिपोर्ट जरूरी होती है। ऐसे में हड़ताल लंबी खिंचने पर प्रमाणपत्रों के निर्माण और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में देरी हो सकती है। इसका असर उन विद्यार्थियों पर भी पड़ सकता है, जिन्हें प्रवेश, छात्रवृत्ति या अन्य जरूरी कार्यों के लिए निर्धारित समय-सीमा में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होता है। हाल के दिनों में हुई भारी बारिश के बाद वर्षाकालीन आपदा सर्वे तथा मकान क्षति जैसी घटनाओं में राहत सहायता के लिए किए जाने वाले सर्वे पर भी असर पड़ सकता है। राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत आर्थिक सहायता से संबंधित मामलों में सर्वे और रिपोर्ट की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में हड़ताल जारी रहने पर प्रभावित परिवारों के मामलों के निराकरण में देरी की आशंका है। सर्पदंश जैसी घटनाओं में सहायता से संबंधित राजस्व प्रक्रियाएं भी प्रभावित हो सकती हैं।

नामांतरण-बंटवारा जैसे कार्य होंगे प्रभावित

पटवारियों की हड़ताल का सबसे अधिक असर राजस्व संबंधी कार्यों पर पड़ने की संभावना है। भूमि नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे काम प्रभावित हो सकते हैं। इसके साथ ही डिजिटल फसल सर्वे, किसान पंजीयन और गिरदावरी के कार्यों में भी बाधा आने की आशंका है। इन प्रक्रियाओं से जुड़े किसानों को अपने जरूरी काम पूरे कराने के लिए इंतजार करना पड़ सकता है।

समाधान नहीं तो जारी रहेगी हड़ताल

पटवारी संघ ने मांगों के निराकरण तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखने का ऐलान किया है। ऐसे में आंदोलन कितने दिनों तक चलेगा, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। हालांकि, हड़ताल का दायरा केवल पटवारियों तक सीमित दिखाई देता है, लेकिन इसके चलते राजस्व विभाग से जुड़े अनेक काम प्रभावित होने की आशंका है। इसका खामियाजा आम नागरिकों और किसानों को भुगतना पड़ सकता है। अब सभी की निगाहें शासन-प्रशासन की पहल और मांगों के निराकरण पर टिकी हैं।

बैजागी नाले पर पुलिया नहीं, 500 एकड़ खेतों तक पहुंचने में किसानों को परेशानी



- खपरी गांव के किसानों की बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला मुख्यालय से करीब 26 किलोमीटर दूर ग्राम खपरी में बैजागी नाले पर पुलिया नहीं होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाले के पार स्थित खेतों तक पहुंचने के लिए किसानों को इसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है।

करीब 500 एकड़ कृषि भूमि तक पहुंचने का रास्ता होने के बावजूद यहां पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया है। इससे किसानों को खेतों तक आने-जाने के साथ ही फसल परिवहन में भी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने अपनी परेशानी को देखते हुए पैदल और मोटरसाइकिल से नाला पार करने के लिए अस्थायी रास्ता तैयार किया है, लेकिन यह रास्ता भारी वाहनों के आवागमन के लिए उपयुक्त नहीं है। ऐसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली से खेतों तक पहुंचना और उपज को घर या मंडी तक लाना किसानों के लिए चुनौती बना हुआ है।

किसानों के अनुसार, कुछ दिनों में धान कटाई का समय आने वाला है। नाले में दिसंबर तक पानी का बहाव बने रहने के कारण आवागमन और अधिक मुश्किल हो जाता है। पुलिया के अभाव में ट्रैक्टर-ट्रॉली खेतों तक नहीं पहुंच पाती, जिसके चलते कई बार किसानों को फसल खेत में ही रखने की मजबूरी होती है। इससे समय पर उपज का परिवहन करना कठिन हो जाता है और किसानों की परेशानी बढ़ जाती है।

कई बार मांग, फिर भी नहीं हुआ समाधान

ग्रामीणों ने बताया कि बैजागी नाले पर पुलिया निर्माण की मांग को लेकर वे पूर्व विधायक ममता चंद्राकर से कई बार मुलाकात कर चुके हैं। वहीं, वर्तमान विधायक भावना बोहरा के समक्ष भी ग्राम प्रतिनिधिमंडल ने लिखित और मौखिक रूप से अपनी समस्या रखी है। इसके अलावा हर साल सुशासन तिहार में भी आवेदन देकर पुलिया निर्माण की मांग की गई, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार अब तक उन्हें आश्वासन के अलावा कोई ठोस समाधान नहीं मिला है।

किसानों में नाराजगी, निर्माण की मांग दोहराई

नाले पर पुलिया नहीं बनने से ग्रामीणों और किसानों में असंतोष है। उनका कहना है कि खेती-किसानी के लिए आवागमन की सुविधा जरूरी है, लेकिन लंबे समय से उनकी समस्या बनी हुई है। किसानों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से बैजागी नाले पर जल्द पुलिया निर्माण कराने की मांग की है, ताकि धान कटाई के दौरान फसल परिवहन में परेशानी न हो और करीब 500 एकड़ खेतों तक सुगम पहुंच सुनिश्चित हो सके।

खबर संक्षेप

समय-सीमा की बैठक अधिकारियों को निर्देश

कवर्धा। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने कबीरधाम जिले में कुपोषण की रोकथाम हेतु प्रभावी एवं पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उक्तशय के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने ई-ऑफिस के क्रियान्वयन में कबीरधाम जिले का टॉप 5 जिलों में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इसके लिए उन्होंने जिले के अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को गर्भवती एवं एनीमिक महिलाओं तथा छोटे बच्चों को चिन्हित कर उन्हें मुनगा के पौधे का वितरण करने के निर्देश दिए।

बोड़ला के 44 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित

कवर्धा। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के आंकाक्षी विकासखंड बोड़ला के 44 ग्राम पंचायतों को निर्धारित मानकों को पूरा करने के आधार पर टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में स्थानीय वीर सावरकर भवन कवर्धा में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीबी उन्मूलन अभियान को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जोश टीम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित थें।

मिट्टी को आकार देकर संवारा अपना भविष्य

कवर्धा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत मिट्टी शिल्प के व्यवसाय से जुड़कर लखपति दीदी चुन्नी कुम्भकार सभी के प्रेरणा का स्रोत बन गई है। क्योंकि कभी सुविधाओं से वंचित एवं अभावग्रस्त समय के कारण इच्छाएं पूरी नहीं हो पाती थी। आर्थिक परेशानियां जीवन की प्रगति को बाधित कर रहे थे। पैसे की आवक कम होने से व्यवसाय बढ़ाना संभव नहीं था। ऐसे ही जरूरतमंद ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से संपन्न बनाना ही सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य रहा है। सेवा की ये कहानी है कबीरधाम जिले के विकासखंड बोड़ला अंतर्गत वनांचल ग्राम रेंगाखारकला के गौरी महिला स्व सहायता समूह की। जिससे जुड़कर श्रीमती चुन्नी कुम्भकार लखपति दीदी के रूप में आज जानी और पहचानी जा रही है।

देश में भारत निर्वाचन आयोग है न कि भारत सरकार निर्वाचन आयोग : पूर्व मंत्री मो. अकबर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जब भी देश में चुनाव आयोग की निष्पक्षता और उसकी संवैधानिक भूमिका पर गंभीर सवाल उठते हैं, तो आयोग खुद जवाब देने के बजाय सरकार के प्रवक्ता सामने क्यों आते हैं?

यह सवाल छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने उठाया है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है, और सरकारी प्रवक्ताओं द्वारा सरकार की यह वकालत सीधे तौर पर आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर बड़े सवाल खड़े करती है। पूर्व मंत्री ने इस बात पर गहरी चिंता जताई है कि यही स्थिति आज छत्तीसगढ़ में भी देखने को मिल रही है, जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक संकेत है।

इस राजनीतिक और संवैधानिक संकट की पृष्ठभूमि को जोड़ते हुए मोहम्मद अकबर ने राज्य में हाल ही में संपन्न हुई एसआईआर प्रक्रिया के आंकड़ों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच कुल मतों का अंतर मात्र 6 लाख 32 हजार 382 वोटों का था। इसके विपरीत, एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची से 24 लाख 99 हजार 823 मतदाताओं के नाम हटा दिए गए—जो कि दोनों प्रमुख दलों के जीत-हार के अंतर से लगभग चार गुना है। इनमें से 19 लाख 13 हजार 540 मतदाताओं को केवल इसलिए शिफ्टेड या एब्सेंट श्रेणी में चिह्नित कर सूची से बाहर कर दिया गया क्योंकि वे रोजगार, कामकाज या शिक्षा के कारण अपने पते पर तात्कालिक रूप से उपलब्ध नहीं थे। बिना व्यक्तिगत नोटिस दिए या बिना किसी ठोस कानूनी प्रक्रिया का पालन किए केवल एक दिन घर पर अनुपस्थित रहने के आधार पर नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करना गंभीर चिंता का विषय है।

मो. अकबर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सूची का पुनरीक्षण वास्तविक त्रुटियों को सुधारने के लिए होना चाहिए, न कि किसी पात्र नागरिक को उसके मौलिक और संवैधानिक अधिकार से बेदखल करने का षड्यंत्र बनना चाहिए। निर्वाचन आयोग को इस गंभीर विषय पर स्वतः संज्ञान लेना चाहिए ताकि छत्तीसगढ़ और देश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित किए जा सकें।

दो बाईक में जोरदार भिड़ंत एक की मौत, दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के पंडरिया बजाग मार्ग में मंगलवार को दो मोटर सायकिलों की भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे है।

जि ः हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को ग्राम किशुनगढ़ से कुकदूर जा रहे मोटर सायकिल सवार तथा जबलपुर से बिलासपुर जा रहे मोटर सायकिल सवार की ग्राम रहमानकांपा के पास सीधी भिड़ंत हो गई।

बताया जाता है कि तेज रफ्तार मोटर सायकिलों की भिड़ंत में आशिफ खान निवासी हरियाणा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य मोटर सायकिल सवार घायल दो युवक घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से पंडरिया समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर कार्यवाही शुरू कर दी है।



कठिन मेहनत और समर्पण का परिणामः उत्कृष्ट प्राचार्य पुरस्कार से रमेश चन्द्रवंशी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वे वर्ष 2025 में राज्य शिक्षक पुरस्कार और श्री गजानन माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार एक साथ प्राप्त कर प्रदेश के पहले शिक्षक बने थे। उन्होंने एक ही विश्वविद्यालय से 13 विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि हासिल की है। इसके लिए उनका नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है।

उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अनेक सम्मान मिल चुके हैं। उनकी उपलब्धि से कवर्धा जिले में हर्ष का माहौल है। यह सम्मान शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायक है।

शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य रमेश कुमार चन्द्रवंशी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उत्कृष्ट प्राचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

दुर्ग के खालसा पब्लिक स्कूल में आयोजित समारोह में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में कमिश्नर सत्यनारायण राठौर ने उन्हें प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और दो हजार रुपए का चेक प्रदान किया। प्राचार्य चन्द्रवंशी के नेतृत्व में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।



गन्ना बोनस बढ़ने पर किसानों ने विजय शर्मा का बोड़ला नगर में किया स्वागत-अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

गन्ने की खरीदी अब 425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किए जाने का निर्णय से उत्साहित किसानों ने आज बोड़ला स्थित सर्किट हाउस में उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा का स्वागत-अभिनंदन किया। किसानों ने उन्हें गन्ना भेंट कर इस पहल के लिए बधाई दी और अपनी खुशी जाहिर की।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के कुल 31,022 गन्ना विक्रेता किसानों को लगभग 51.09 करोड़ रुपए की बोनस राशि प्राप्त होगी। उल्लेखनीय है कि बोनस गणना का आधार बढ़ने से किसानों को 95.95 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस मिलेगा।

इस निर्णय से गन्ना उत्पादक किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा तथा खेती की लागत वहन करने और आगामी फसल की तैयारी में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ, कवर्धा के जिला उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष पंकज वर्मा तथा किसान विनोद वर्मा, महेश वर्मा, टीकाराम साहू, तुलश धुर्वे, प्रदुम्न वर्मा और रामफल वर्मा ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का स्वागत-अभिनंदन किया। किसानों ने गन्ना बोनस की गणना का आधार बढ़ाने के निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार जताया।



आयोजन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह, दशहरा पर होता है रावण दहन

मोहगांव में 62 वें वर्ष हो रहा मां दुर्गा उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭मोहगांव

पंडरिया विकासखंड के ग्राम मोहगांव में श्री दुर्गोत्सव समिति मोहगांव के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा उत्सव बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना एवं दुर्गोत्सव आयोजन का यह 62 वां वर्ष है।

वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा ने ग्राम मोहगांव को आसपास के क्षेत्रों में एक विशेष पहचान दिलाई है। समस्त ग्राम मोहगांव में गांव के बड़े गौटिया बलदाऊ चंद्रवंशी के घर के आंगन में मां दुर्गा का भव्य प्रांगण श्री दुर्गोत्सव समिति द्वारा तैयार किया जाता है, जहां विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है।

नवरात्रि के पावन अवसर पर पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में डूब जाता है। गांव के सभी वर्गों के लोग उत्साहपूर्वक इस धार्मिक आयोजन में अपनी सहभागिता निभाते हैं और मां दुर्गा की आराधना कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हैं।



छह दशकों से अधिक पुरानी है धार्मिक परंपरा

दुर्गोत्सव समिति मोहगांव द्वारा लगातार 62वें वर्ष इस उत्सव का आयोजन किया जाना गांव की आस्था, एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। समिति के तत्वावधान में पूर्व में भी अनेक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है। इन आयोजनों के माध्यम से ग्रामीणों में धार्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है।

दशहरा पर रावण दहन आकर्षण का केन्द्र

मोहगांव में नवरात्रि के साथ-साथ दशहरा पर्व भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष दशहरा पर्व के दिन बड़े गौटिया बलदाऊ चंद्रवंशी के घर से दशहरा मैदान तक श्री राम-लक्ष्मण, श्री हनुमान जी की झांकी बाजे गाजे के साथ निकाली जाती है, इस अवसर पर रावण दहन का आयोजन किया जाता है, जिसे देखने के लिए ग्राम मोहगांव सहित आसपास के गांवों के लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा, धार्मिक आयोजन और दशहरा उत्सव लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहते हैं। ग्राम मोहगांव का यह ऐतिहासिक दुर्गोत्सव केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि गांव की एकता, परंपरा और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक भी है।

